सुप्रभात
गुरुवार 25.04.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 06
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## वियतनाम भेजने के नाम पर ठगी, आरोपी की हुई पिटाई

**कतरास।** कतरास कोयलांचल में विदेश भेजने के नामपर ठगी का एक मामला सामने आया है। बताते हैं वियतनाम (विदेश) भेजने के नाम पर छरदारडीह बस्ती के कुछ युवकों से 3 लाख 72 हजार रुपये की ठगी की गई। जानकारी के अनुसार ठगी करने वाला आरोपी युवक भूली निवासी तबारक हुसैन जैसे ही छरदारडीह बस्ती पहुंचा, लोगों ने पकड़कर जमकर पिटाई की तथा पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में ठगी के शिकार लोगों का कहना है कि विदेश भेजने के नाम पर उनलोगों से 3 लाख 72 हजार रुपये की ठगी की गई है। मो साजिद ने बताया कि बस्ती के 6 लोगों से ठगी हुई है। कतरास थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने कहा कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## राजगंज के आर बी बी हाई स्कूल पहुंचा राज्य स्तरीय जांच दल



**राजगंज।** राजगंज के आर बी बी हाई स्कूल में बुधवार को प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत नो कॉस्ट, लो कॉस्ट और हाई कॉस्ट से विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राइवेट स्कूलों के स्तर का बनाने के लिए राज्य स्तरीय दल विद्यालय पहुंचा। दल ने विद्यालय के सभी कमरों, लैब, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, शौचालय, गर्ल्स कॉमन रूम, पानी की व्यवस्था, पुस्तकों का वितरण, साफ सफाई ,खेल के मैदान सहित अन्य चीजों की विस्तार से जांच की। मौके पर मौजूद पल्लवी शॉ, यूनिसेफ कंसलटेंट ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के अधिकार जैसे बाल संसद, पानी, पुस्तक, बेंच-टेबल आदि प्राइवेट स्कूलों के स्तर का होना चाहिए। इसके लिए जो भी कमियां होंगी, उसके लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग को लिखा जाएगा। सरकार सभी सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों की तरह बनाने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में राज्य के सभी जिलों में हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूलों की गहन जांच चल रही है।

## प्रकाश मिश्र के निधन पर शोक सभा



**महुदा।** साक्षरता आंदोलन के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता गोबिंदपुर निवासी प्रकाश मिश्र के असामयिक निधन पर आज बुधवार को झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में शोक सभा की गई। शोक सभा को संबोधित करते हुए साक्षरता आंदोलन के बुनियादी सदस्य एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो शंकर रवानी ने कहा कि प्रकाश मिश्रा के निधन से धनबाद ने एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है। साक्षरता अभियान के बाघमारा प्रखंड समन्वयक भागीरथ सिंह ने कहा कि उनकी कमी हमेशा खलेगी। उनके अधूरे कार्य को पूरा करना हम सभी की जिम्मेवारी है। शोकसभा में मृतात्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर दीपनारायण शर्मा बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, योगेश्वर रवानी, मोहन रजक, कामेश्वर महतो, रामप्रसाद महतो, जानकी देवी,माधुरी देवी, कृतिबास प्रमाणिक, राधु राय ,सुनील कुमार पांडेय, गोविन्द प्रसाद रवानी,सुनील प्रसाद, लखीमनी देवी आदि मौजूद थे।

### बीसीसीएल, इसीएल, एमपीएल, हर्ल टाटा, डीवीसी के अधिकारियों के साथ बैठक

# अपने क्षेत्र की दस बूथों को यूनिक चीज से जोड़ें : डीसी

**18 वर्ष से ऊपर की आयु वाले कर्मियों का नाम वोटर लिस्ट में डलवाएं**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने केंद्रीय उपक्रमों के अधिकारियों को निदेश दिया है कि वे अपने.एअपने क्षेत्र में 10 बूथों को चिन्हित कर अपने इलाके की यूनिक चीज से जोड़ें। साथ ही उपक्रमों में 18 वर्ष से ऊपर उम्र के कर्मियों का नाम वोटरलिस्ट में डलवाएं। उपायुक्त सुश्री मिश्र ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधकए टाटा स्टीलए इसीएलए डीवीसी मैथनए पंचेतए एमपीएलए हर्ल के परियोजना प्रमुखए सभी सीडीपीओ के साथ आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोटर अवेयरनेस फोरमए एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक में उपयुक्त निदेश दिए। उन्होंने सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान के कर्मी जिनकी उम्र 18 या उससे अधिक हैए वैसे लोगों का यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो 26 अप्रैल तक वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। साथ ही कर्मी के परिवार में यदि किसी का भी नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो उनका भी नाम अवश्य मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने.अपने क्षेत्र की बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजलए शौचालयए बिजलीए रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### बैठक में थे मौजूद

बैठक में नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह डीपीएम जेएसएलपीएस श्री शैलेश रंजन समेत सभी सीडीपीओ अलग अलग संस्थान के सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख उपस्थित थे।

### अपने-अपने क्षेत्र के बूथों को करें सुसज्जित

उन्होंने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने.अपने क्षेत्र के बूथों में 30 अप्रैल से पूर्व एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निदेश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने.अपने क्षेत्र में यूनिक बूथ बनाने के संबंध में कहा कि सभी अपने .अपने क्षेत्र में कम से कम 10 बूथों को चिन्हित करें एवं उसे अपने-अपने क्षेत्र के अनुरूप जो भी चीजें यूनिक हैं उन यूनिक चीजों से जोड़ते हुए बूथ को सुसज्जित करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में आए सभी संस्थान के प्रतिनिधियों से अपने .अपने क्षेत्र में स्वीप एक्टिविटी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में स्वीप की विशेष एक्टिविटी सुनिश्चित करें, ताकि लोग मतदान के प्रति जागरूक हों।

## बीआईटी सिंदरी के छात्रों ने दिव्यांगों के लिए बनायी इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल



**अंतिम वर्ष के चार छात्रों की मेहनत से मिली सफलता**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के अंतिम वर्ष के चार छात्रों रितेश, प्रियांशु मालवीय, तेज प्रकाश सिंह, तनवीर अंसारी और तृतीय वर्ष के एक छात्र शिवानंद मोदी ने मिलकर दिव्यांगों के लिए आधुनिक इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल बनाई है। सभी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्र हैं प्राध्यापक आदित्य कुमार की देखरेख में उन्होंने यह काम पूरा किया है। एल्युमुनाई सेल द्वारा लगाए गए इनोवेशन एक्सपो में इस प्रोजेक्ट को 30 टीमों में बेस्ट फाइनल ईयर प्रोजेक्ट अवार्ड 2024 का खिताब मिला। इस प्रोजेक्ट में संस्थान के निदेशक प्रो पंकज राय सहित उद्योग विशेषज्ञों ने कुछ बदलाव का सुझाव भी दिया। यह जानकारी देते हुए छात्रों ने बताया कि ट्राइ साइकिल नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित है। यह 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। इसमें लगी 24 वोल्ट की बैट्री को एक बार चार्ज करने पर 30 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। बैट्री सोलर और डायनेमो के इस्तेमाल से चलायमान स्थिति में भी चार्ज होती रहेगी। चोरी से बचने के लिए इसमें पासवर्ड स्टार्ट डिवाइस लगाया गया है और मोबाइल चार्जर की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने बताया कि विभागाध्यक्ष डॉ एम जी तिवारी और प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर डॉ प्रवीण साहू का भी इस प्रोजेक्ट में पूरा सहयोग मिला।

# रंगदारी मामले में विधायक ढुलू महतो कोर्ट में नहीं हुए हजिर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले की सुनवाई बुधवार को एमपीध्एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने जमशेद आलम को बतौर गवाह अदालत में पेश किया जमशेद ने अपने बयान में बताया कि उसे घटनाकी कोई जानकारी नहीं है। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक ढुलू महतो हाजिर नहीं थे। अधिवक्ता एस एन मुखर्जी ने उनकी ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था।

### क्या है मामला

ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एसएस शेट्टी ने घटना को लेकर धनबाद थाने में शिकायत की थी। शिकायत पत्र के अनुसार 14 जून 2018 को विधायक ढुलू महतो ने दिन के करीब 11 बजे उनके साइट मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाया और कहा कि उनके खिलाफ मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई है। इस दौरान गलत भाषा का प्रयोग करते हुए बेइज्जत किया गया और शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाने की धमकी दी गई। यहां तक की मैनेजर को दुष्कर्म और एससी.एसटी के झूठे केस में फंसा देने की बात कही गई। साथ ही कहा गया कि विधायक के खिलाफ बोला तो बाहर फेंकवा दिया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि कंपनी को क्षति पहुंचाने का बहुत तरीका उनके पास है। मशीन जब्त कर ली जाएगी। यहां से कंपनी कोई भी सामान वापस नहीं ले जा सकेगी। विधायक की अनुमति के बगैर कंपनी काम नहीं कर पाएगी। चाहे मुख्यमंत्री से शिकायत करें या प्रधानमंत्री सेए कोई फायदा नहीं होगा

## पूर्व मेयर नीरज हत्याकांड : पंकज सिंह समेत अन्य की हुई पेशी

**चंदन सिंह ने कहा हाई कोर्ट में देंगे चुनौती**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के आरोप मे जेल मे बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को स्वास्थ्य खराब रहने के कारण पेश नहीं किया जा सका वहींए धनजी सिंहएडब्लू मिश्राएसंजय सिंहए पींटू सिंह ए शूटर शिबू उर्फ सागर ए सोनू उर्फ कुर्बान एसतीश उर्फ रोहित उर्फ चंदन एवं मास्टरमाइंड पंकज सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। सुनवाई के दौरान चंदन सिंह की ओर से आवेदन देकर कहा गया कि वह इस अदालत के 16 मार्च 24 के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे लिहाजा उन्हें समय दिया जाए 29 फरवरी 24 को सतीश उर्फ चंदन की ओर से आवेदन देकर कहा गया था कि राम आह्लाद राय के घर से पुलिस ने कुछ प्लेटए बल्ब व बर्तन बरामद किए थे और उसका फिंगरप्रिंट लिया था इसलिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को गवाही के लिए अदालत में बुलाया जाए ।21 मार्च 17 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे।

## वाहन के धक्के से सीओ ऑफिस का चौकीदार घायल

**तोपचांची।** बुधवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधनी हटिया से सड़क पार कर रहे सीओ ऑफिस के चौकीदार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से चौकीदार का एक पैर गंभीर रूप क्षतिग्रस्त हो गया। चौकीदार की शिनाख्त पूसू महतो तांतरी निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चौकीदार बुधनी हटिया से सड़क पार कर घर जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने चपेट में ले लिया ।ग्रामीणों ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस के सहारे साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# जन जागरुकता से ही थमेगा : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जन जागरुकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। इस बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें, जिससे मच्छरों का प्रजनन रुक सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस पर अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उपयोग मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास और लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग की प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इस कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच है। उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐंठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं।

### आज निकलेगी जागरूकता रैली

सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अप्रैल, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सुबह 9 :30 बजे सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जन जागरुकता रैली निकाली जाएगी। रैली के जरिये मलेरिया को नियंत्रित व रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा और सदर अस्पताल के डॉ राजीव कुमार भी मौजूद थे।

## एक नजर में

## सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव



**कतरास।** कतरास नदी किनारे सालासर बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष अनुष्ठान किया गया। इस मौके पर पंडित रासबिहारी शर्मा एवं राज बिहारी शर्मा ने बालाजी की पूजा कराई। रामायण पाठ एवं हवन के पश्चात छप्पन प्रकार का खिचड़ी भोग का वितरण तथा सामूहिक आरती की गई। श्री हरि ओम एकल संस्था के कलाकारों द्वारा मुख्य गायक मनोज व्यास के निर्देश पर अखंड संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अजय चौधरी, प्रकाश पंडित, मनोज गुप्ता, संजू गुप्ता, नीरज, सुशील सोनी, आलोक गुप्ता, शुभम, आलोक, कृष्णा, राजकुमार चौधरी, अधिवक्ता डी एन चौधरी, डॉ बी एन चौधरी की भूमिका सराहनीय रही।

## युवा कांग्रेस कमेटी ने लिया अनुपमा सिंह को समर्थन देने का निर्णय



**धनबाद।** बैंक मोड़ स्थित एक निजी होटल में बुधवार को जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने अनुपमा सिंह के समर्थन में बैठक की। बैठक में सभी ने एक साथ कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। इस अवसर पर बेरमो विधायक अनूप सिंह ने बाहरी भीतरी का नारा लगा रहे भाजपाइयों पर जमकर हमला बोला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा की तरह विभाजन में विश्वास रखती है और वैसी ही राजनीति करती है। पहले हिंदू मुस्लिम का विभाजन कर उनको लड़वाने का काम करती है और अब बाहरी भीतरी और बैकवर्ड फॉरवर्ड का नारा लगाकर एक दूसरे को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि उनका जन्म स्थल भी धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और पत्नी का भी जन्म धनबाद से है। उन्होंने वादा किया कि जनता के सुख-दुख में साथ निभाएंगे। हमेशा वह झरिया में ही रह कर जनता का साथ देंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, कुमार गौरव, सतपाल सिंह ब्रोका सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा नें लोकसभा आम चुनाव के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ;ईवीएमद्ध तथा वोटर वेरिफि एबल पेपर ऑडिट ट्रेल ;वीवीपैटद्ध के रेंडमाइजेशन बुधवार को को सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। ईवीएमए वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार ईसीआई की वेबसाइट पर किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक .एक प्रति उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडाए वरीय निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्लाए अपर समाहर्ता विनोद कुमारए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजकए डीसीएलआर संतोष गुप्ताए आईएनसी के मिथिलेश तिवारीए भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदीए आजसू के रतीलाल महतो सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सोशल मीडिया के सहारे घर-घर पहुंचने लगे उम्मीदवार

**कोई वाट्सएप तो कोई फेसबुक पर है सक्रिय, समर्थक भी पीछे नहीं**

प्रेम कुमार




**कतरास।** गिरिडीह व धनबाद में 25 मई को मतदान है। परंतु क्षेत्र में उम्मीदवारों की जीत और हार को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार प्रचार के लिए सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय दिख रहे हैं। मोबाइल फोन आज के जमाने में लोगों की जरूरत का एक अहम हिस्सा बन गया है। उठते जागते लोगों की नजर मोबाइल पर पर ही रहती है। मोबाइल के जरिये लोग न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि देश दुनिया की खबरों से भी रूबरू हो रहे हैं। इतने जनोपयोगी उपकरण का चुनाव प्रचार में उपयोग न हो, यह कैसे हो सकता है। कई प्रत्याशी गांव-घर का दौरा छोड़ कर सोशल मीडिया के जरिये इन मोबाइल वालों तक पहुंच रहे हैं। मनोरंजन और राजनीति का इतना सुंदर घालमेल अन्यत्र हो भी तो नहीं हो सकता। 25 मई अभी थोड़ी दूर है, तो गांव-गांव घूमने का अवसर बचा हुआ है। इधर आचार संहिता को लेकर चुनाव आयोग पीछे पड़ा है। ऐसी स्थिति में उम्मीदवार सोशल मीडिया को प्रचार के लिए सबसे महफूज, सरल और सुलभ साधन समझ रहे हैं। हालांकि सोशल मीडिया के लिए भी चुनाव आयोग ने कई गाइडलाइन तय कर दी है।

### वोटरों को लुभाने में जुटे प्रत्याशी

गिरिडीह या धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख उम्मीदवारों में आजसू के सीपी चौधरी, इंडिया गठबंधन के मथुरा महतो, जे बी के एस एस के जयराम महतो, भाजपा के ढुल्लु महतो एवं कांग्रेस की अनुपमा सिंह सोशल मीडिया के जरिये वोटरों को लुभाने में भिड़े हुए हैं। वाट्सएप, फेसबुक पर ये उम्मीदवार मंडराते नजर आते हैं, जो अपनी उपलब्धि या वादे दुहराते मिलते हैं। गिरिडीह के एक उम्मीदवार के समर्थक ने वाट्सअप ग्रुप क्रिएट कर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को जोड़ा है। फेसबुक के जरिये भी अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। उम्मीदवार के रोजाना कार्यक्रम व जनसंपर्क की जानकारी लोगों तक पहुंचायी जा रही है।

## कांग्रेस के सुधांशु शेखर झा ने दिया इस्तीफा



**मैथन।** निरसा प्रखंड कांग्रेस चुनाव कार्य संचालन प्रभारी सुधांशु शेखर झा ने निरसा पद से इस्तीफा दे दिया है। धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह के नाम लिखे पत्र की जानकारी उन्होंने धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट पर भी शेयर की है। उन्होंने कहा है कि वह इंडिया गठबंधन से समन्वय हेतु गठित धनबाद जिला समन्वय समिति के सदस्य हैं, इसलिए उनके निरसा प्रखंड कांग्रेस संचालन समिति प्रभारी पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं समझते। पत्र में कहा है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में एआईसीसी द्वारा नामित आबर्जवर डॉक्टर तारानंद सदा के साथ वह को-आबर्जवर तथा 2019 लोकसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार द्वारा नामित निरसा विधान सभा प्रभारी के रूप में भूमिका निभा चुके हैं। वह कांग्रेस संगठन के लिए समर्पित रहे हैं और रहेंगे। त्याग पत्र की प्रतिलिपि उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को भी भेजी है। उल्लेखनीय है कि श्री झा एवं संतोष राय को कांग्रेस ने एक दिन पहले ही निरसा प्रखंड प्रभारी नियुक्त किया था।

स्पीड न्यूज

## अवैध कोयला लदा ट्रक धराया, पांच पर प्राथमिकी दर्ज



**मैथन।** कालूबथान पुलिस ने मंगलवार की रात कलियासोल प्रखंड के समीप अवैध कोयला लदा ट्रक (डब्ल्यी बी 57 सी 4582) पकड़ा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश ने बताया कि सूचना पर उस ट्रक को पकड़ा गया है, जिमसें पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले के रफा दफा के लिए कारोबारी लोग कालूबथान पुलिस के संपर्क में हैं, जिस कारण कालूबथान पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज पांच लोगों का नाम बताने से साफ इंकार कर दिया। बताते चलें कि धनबाद जिला के कालूबथान के पलासिया और लेदाहाडिया से कोयले की तस्करी हो रही है। यह खेल महतो और यादव के सिंडिकेट में चल रहा है। स्थानीय पुलिस के सहयोग से रात में चोरी चुपके पिकअप वैन से अवैध कोयले की तस्करी हो रही है। हालांकि धनबाद जिला प्रशासन पूरी तरह से कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्ती बरत रहा है।

## दो युवकों ने आग लगने की बात कह कार रुकवाई और बैग ले भागे

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत लाल बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने गाड़ी में आग लग गई है, कहकर सुभाष मित्तल की गाड़ी रुकवाई और उनका बैग लेकर भाग गए। जिला परिवहन कार्यालय में वेंडर का काम करने वाले गोविंदपुर लाल बाजार निवासी सुभाष मित्तल मंगलवार दोपहर कार पर धनबाद से गोविंदपुर आ रहे थे। इस बीच ऊपर बाजार तिराहा के समीप मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने कहा कि गाड़ी से पेट्रोल चू रहा है, परंतु चालक ने कार नहीं रोकी। वह लाल बाजार की ओर बढ़ता गया। उसके बाद दोनों युवक मोटरसाइकिल से कार का पीछा करते हुए आने लगे। फिर लाल बाजार मछली पट्टी के पास कहा कि गाड़ी में आग लग गई है। इसके बाद चालक ने भयभीत होकर गाड़ी रोक दी। चालक एवं श्री मित्तल गाड़ी से उतरकर अगला हिस्सा देखने लगे, तब पीछे सीट पर रखा उनका बैग लेकर दोनों युवक भाग निकले। संयोग था कि बैग में नगदी नहीं थी। उनकी एवं पत्नी का आधार कार्ड, इंडियन बैंक का एटीएम, चेक बुक, कई ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी इंश्योरेंस के कागज, परमिट, चालान डायरी, कॉपी आदि थे।

## मासस ने बनाई चुनाव जीतने की रणनीति

**कुमारधुबी।** नगर परिषद चिरकुंडा के अंतर्गत दुर्गा मैरिज हॉल डूमरकुंडा में बुधवार को मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में धनबाद लोकसभा सीट से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मौजूद थे। सम्मेलन में चुनाव ने जीतने की रणनीति तैयार की गई। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मासस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करने के लिए कहा गया। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि आज राजनीति का स्तर नीचे गिरते चला जा रहा है। काम के नाम पर वोट नहीं मांगा जा रहा है, मंगलसूत्र के नाम पर मांगा जा रहा है। यह सब देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा, जो काफी शर्मनाक है। कहा कि इस बार सोच समझ कर वोट नहीं दिया तो मोदी सरकार संविधान को बदल कर रख देगी। इसके बाद देश में चुनाव नहीं कराया जाएगा। सम्मेलन में अध्यक्ष संतु चटर्जी, उपाध्यक्ष कल्याण राय, वरुण दे, सचिव फिरोज अंसारी, संगठन सचिव अमरेश चक्रवर्ती, जिला परिषद बादल चंद्र बाउरी, युवा नेता संतोष मिश्रा, नंटु गोस्वामी, मानिक लाल गोराई, कौशिक दास मौजूद थे।

# डीसी ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

### आईटीआई एवं राजकीय पॉलिटेक्निक का किया भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के सिलसिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज आईटीआई एवं राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां मटेरियल डिस्पैचए ईवीएम डिस्पैचए बूथवार मार्किंगए पोलिंग पार्टियों के बैठने हेतु व्यवस्थाए रौशनीए सीसीटीवीए सुरक्षा व्यवस्थाए सिटिंग अरेंजमेंटए साफ.सफाईए अग्नि सुरक्षाए समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ.सफाई पेयजल शौचालय बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारीए मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।



**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री चंदन कुमारए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## मतदाता पंजी में प्रविष्टि का मिला प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आ गयी है। बैठकोंए ट्रेनिंग व मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान तेज कर दिए गये हैं। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज मास्टर प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का तीन केंद्र बनाया गया हैं जिसमें श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट ;एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में जहाँ विभिन्न विभागों के मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। बुधवार को गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना एवं प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी।

### 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य : डीसीएलआर

प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80ः मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्टए 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## तोपचांची : कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता सभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज विशप रांकी उच्च विद्यालय गोमो दक्षिण एवं जीतपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची की उपस्थिति में ईएलसी सदस्य छात्र. छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्र में मतदाता जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभा में मौजूद सभी सदस्य छात्र. छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षकए स्वीप नोडल पदाधिकारीए बीएलओ सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की दीदी को मतदाता शपथ दिलाया।मतदाता जागरूकता सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से 25 मई के दिन अपने अपने बूथों में जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्राध्यापक कर्मचारी पदाधिकारी एवं विद्यार्थियों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमए ईएलसी के युवा सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना अपेक्षित है।

# कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र राष्ट्रीय हित के खिलाफ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र भ्रामक एवं राष्ट्रहित के खिलाफ है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश के बहुतसंख्यक जनता के लिए कोई जगह नहीं है। 1960 के दशक में कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया था, देश की जनता वर्षों से इसके खिलाफ लड़ रही है। 2014 से भाजपा की सरकार ने देश में विकास का एजेंडा सेट किया है। इसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। अब कांग्रेस फिर से तुष्टीकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। उक्त बातें बुधवार की शाम पांड्रा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह एजेंडा भले ही 5 अप्रैल को सामने आया है, लेकिन इससे पहले ही इसकी पटकथा लिख चुकी है। 1960 एवं 1970 के दशक में कांग्रेस की सरकारों ने कानून पास कर भारतीयों को विवश किया था कि वह अपनी कमाई का एक हिस्सा सरकार के पास जमा कर दें। जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकारों ने लोगों की कमाई जब्त करने वाले ऐसे ही कानून 1963 एवं 1974 में पास किया था। उसका नाम कंपलसरी डिपॉजिट स्कीम एक्ट था। इसके अंतर्गत सभी करदातां संपत्ति धारकों और सरकारी कर्मचारियों को अपनी कमाई का 18% सरकार के पास जमा करना होता था। जमा राशि 3 से 5 वर्ष तक के लिए सरकारी खजाने में रहती थी।





**प्रेस वार्ता में थे शामिल**

प्रेस वार्ता में विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, निरसा विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर सिंह, अंबिका खवास, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, जयप्रकाश सिंह, संजय महतो, प्रशांतो बनर्जी, डब्लू बाउरी आदि मौजूद थे।

### लोगों की कमाई जब्त करना चाहती है कांग्रेस

उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार लोगों की कमाई बढ़ाकर देश को सशक्त करना चाहती है, वहीं कांग्रेस सरकारी लोगों की कमाई जब्त कर देश का विकास करना चाहती थी। मुसलमान का देश के संसाधनों पर पहला हक वाला मनमोहन सिंह का बयान अचानक नहीं आया था। कोशिश अनुसूचित जाति की लिस्ट में मुसलमान को भी घुसने की थी। मुसलमान को सरकारी नौकरियों में अलग से 15 प्रतिशत आरक्षण देने का था ओबीसी आरक्षण को धर्म के आधार पर बताकर मुसलमान को 6 प्रतिशत देने की योजना थी। उन्होंने कहा कि वेल्थ सर्वे कम्युनिस्ट पार्टी का एजेंडा रहा है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां एक हैं। कांग्रेस फूट डालो और राज करो की अंग्रेजों की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की योजनाओं के क्रियान्वयन से होगा। पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भाजपा सरकार काम कर रही है। योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान समय में सरकार 100 वर्ष पूर्व की कल्पना कर रही है। भाजपा सरकार की परिकल्पना है कि 2047 तक भारत विश्व का उन्नत राष्ट्र होगा।

## भारतीय रेल डाक सेवा कर्मचारी संघ के सचिव बने संतोष पांडेय

**गोमो।** अखिल भारतीय रेल डाक सेवा व मेल मोटर सेवा कर्मचारी संघ वर्ग 3 का 13 वां वार्षिक प्रमंडलीय अधिवेशन बुधवार को कर्मचारी संघ के क्लब गोमो में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कर्मचारी संघ के सहायक जनरल सेक्रेटरी विश्वजीत नायक ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कर्मचारी शोषण के शिकार हो रहे हैं। विभाग में नए कर्मचारियों की बहाली नहीं की जा रही है, जबकि अनेक पद रिक्त हैं। मामूली मानदेय पर नव युवकों से काम लिया जा रहा है। कर्मचारियों पर कार्य का बोझ डाला जा रहा है। एनपीएस, ओ पी एस मामले को सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है। बकाया डी ए का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। हमें एकता का परिचय देकर सरकार को बताना होगा। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर सरकार से लड़ाई लड़नी होगी। अधिवेशन में संतोष कुमार पांडेय को सर्वसम्मति से प्रमंडलीय सचिव चुना गया।

**एक नजर में**

## कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की नजर अब लोगों की संपति पर : भाजपा जिलाध्यक्ष



**धनबाद।** कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपति पर है। यह बातें बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण रॉय ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर सवाल खड़ा किया। कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में आम जनता को ठगने का काम हो रहा है। अगर कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में जीत गईं तो आम जनता का घर और धन संपत्ति सब लूट लेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को फ्री राशन, शौचालय व घर देने का काम किया है और देश को विश्व गुरु बनाने की ओर ले जा रहा है। आज की सरकार लोगों की कमाई बढ़ा कर देश को सशक्त करना चाहती है, वहीं कांग्रेस लोगों की कमाई जब्त कर देश का विकास करना चाहती है। प्रेस वार्ता में मानस प्रसून,संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी,चंद्रशेखर मुन्ना सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आउटसोर्सिंग में चल रहे 24 वाहन जब्त



**एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने की कागजात की जांच**

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया पांच की निचितपुर व बांसजोड़ा कोलियरी में अधिकारियों की एक टीम ने यहां चलने वाले वाहनों के कागजात की जांच की। बताया जाता है कि जांच में प्रदूषण सहित कागजात में त्रुटि पाए जाने के बादग 24 वाहनों को जब्त किया गया। सभी वाहनों को ईस्ट बसुरिया थाना में रखा गया है। बताते हैं ये वाहन बांसजोड़ा में संजय उद्योग व निचितपुर कोलियरी में संचालित डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के अधीन चल रहे हैं। टीम में एसडीएम उदय रजक, डीएमओ, डीटीओ चंद्रिका द्विवेदी, बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद, पुटकी सीओ विकास आंनद आदि शामिल थे। वाहनों की जांच से संबंधित सभी रिपोर्ट अग्रिम कार्रवाई के लिए उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

## मैथन के स्टेशन क्लब में क्षत्रिय समाज ने मनाई कुंवर सिंह जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** मौजूदा राजनैतिक परिदृश्य में क्षत्रिय समाज की सिर्फ उपेक्षा ही नहीं बल्कि समाज को पिछली पंक्ति में बैठा दिया गया है, अब तो इस व्यवस्था में हमारे समाज के लोगों को वहां से भी उठाकर फेंकने का काम किया जा रहा है ,ऐसी परिस्थिति में समाज के लोगों को एकजुट होकर इस व्यवस्था के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और यह नजारा इस लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। उक्त बातें जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज द्वारा मैथन के स्टेशन क्लब में आयोजित बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के दौरान अपने संबोधन में कही । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के अलावा कांग्रेस नेता रणविजय सिंह,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जला कर बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पण से हुई। क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और माला देकर किया । मुख्य अतिथि अनुपमा सिंह ने वीर कुंवर सिंह के आदर्शों पर चलने की बात कही। सिद्धार्थ गौतम ने मंच सभी से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने मीडिया को कहा कि लोकसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, कुंदन सिंह, दिलीप सिंह, सुदेश सिंह, प्रमोद सिंह की अहम भूमिका रही।

## सम्मान समारोह : केसीएन क्लब में कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों का मोह लिया मन

**12वां राष्ट्रीय अधिवेशन दो दिवसीय कार्यशाला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारत की समसामयिक समस्याओं पर कार्यरत लोकप्रिय राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजन्स नीड़ क्लब (केसीएन क्लब) का 12वां राष्ट्रीय अधिवेशन दो दिवसीय कार्यशाला के साथ बुधवार को संपन्न हो गया। प्रदेश, राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के निदान पर विधिवत चर्चा हुई और जन जागरुकता फैलाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आचार्य संजय सिंह चन्दन ने किया। द्वितीय चरण में 23 अप्रैल को सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन हुआ और विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व एनटीपीसी सीईओ व वर्तमान रिलायंस एनर्जी जीएम अनिल कुमार सिंह व अति विशिष्ट अतिथि मुख्याध्यापक सी पी सिंह, समाजसेवी विकास सिंह, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार प्रमिला तिवारी, डॉ नीरा प्रसाद, स्नेह प्रभा पांडेय, डॉ प्रियदर्शिनी पुष्पा, शालिनी झा के ने दीप प्रज्वलित कर नववर्ष बैनर का अनावरण किया। कार्यक्रम वृंदावन होटल, धनबाद के हॉल में देशभक्ति के नारो के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रमिला श्री तिवारी ने सरस्वती वंदना से शुरुआत की। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व साहित्यकार डॉ कृपाशंकर मिश्र ने संस्था का परिचय देते हुए 35 वर्षो की विजय गाथा बताई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विवाह व्यवस्था, विवाह पर खर्च में कमी लाने, स्त्री पुरुषों को जागरूक करने सहित पर्यावरण सँरक्षण, जल संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन क्लब धनबाद जिला अध्यक्ष रवि कुमार ने व संयोजन राजेश राय ने किया। कवियों ने अपनी कविताओं से सभी का मन मोह लिया।





**कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल**

कार्यक्रम में रमेश कुमार राव, सुधीर कुमार यादव, कवि कृष्णदेव यादव, प्रियदीप घोष, अजीत सिंह, उमेश तिवारी, मनमोहन सिंह सहित समाजसेवी, सैनिक, साहित्यकार, अधिवक्ता, चिकित्सक आदि सम्मानित हुए। 23 अप्रैल को कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दन मिश्र त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्कूली बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी, अधिकारियों और अतिथियों ने सराहा



**मैथन।** आदर्श वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन में झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित दस दिवसीय व्यवसायिक शिक्षा का समापन बुधवार को हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई। छात्रों ने पिछले 10 दिनों में जो सीखा, उसी हुनर व प्रतिभा को प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की और सीआरपी पंकज कुमार सिंह मौजूद थे। प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी ने कहा कि वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन के बच्चे काफी मेहनती और मेधावी हैं। इस तरह के प्रयोग से बच्चों को सीखने में काफी मदद मिलती है और वे जल्दी सीखते हैं। उन्होंने बच्चों के सभी व्यावसायिक रचनात्मक कार्यों का अवलोकन किया तथा सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार घांटी, धर्मेन्द्र कुमार, श्वेता भारती,उर्मिला कुमारी,नीलु सिन्हा, ब्यूटी राय, सुभाष साव,अकुल मंडल,अनुप कुमार, नवी खान,दमयंती राव आदि मौजूद थे।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भव्य कलश यात्रा

### 351 महिलाओं ने पांच किलोमीटर की दूरी तय कर कलश में भरा जल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भूली।** भूली बस्ती के रवानी टोला में नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। बुधवार को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम 351 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। चिलचिलाती धूप में कुंवारी कन्याएं,महिला-पुरुष श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर जलयात्रा में शामिल हुए। कलश शोभायात्रा रवानी टोला से निकलकर आठ लेन मुख्य सड़क होती हुई लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय कर सी ब्लाक जोरिया पर पहुंची, जहां विद्वान पंडित सोनू कश्यप के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरन किया गया। कलश यात्रा के पूजा स्थल पर पहुंचने के बाद प्रायश्चित स्नान के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में शामिल लोगों को दीपक महतो नें आठ लेन सड़क पर सभी को पानी पिलाया। मौके पर संजय पंडित,बब्लु रवानी, राकेश रावनी, दीपक महतो, रोहित रवानी, रुपेश रावनी, मुकेश रवानी आदि मौजूद थे।



## जेलगोड़ा मानस मंदिर में मानस महाधिवेशन शुरू

**जोड़ापोखर।** जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन का शुभारंभ बुधवार को पूजा अर्चना से हुआ। हवन पूजन के बाद परायणाचार्य पंडित अनिल पाठक, सतीश मिश्रा, बलदेव शरण, अशोक मिश्रा, मंजुल उपाध्याय की टीम ने रामायण पाठ किया। मंदिर की भव्य विद्युत सजावट की गई है। संध्या में भगवान राम की कथा पर प्रवचन करते हुए अयोध्या से पधारे बाल व्यास अशोकानंद महाराज ने कहा कि श्री राम कथा ही अमर कथा है।

## छह दिन बाद भी मासूम की हत्या के मामले में नहीं मिला सुराग

**मैथन।** पांच माह के दुधमुंहे बच्चे की हत्या के मामले में कुमारधुबी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। हत्या किसने और क्यों की, कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। छह दिन बाद भी पुलिस के लिये यह ब्लाइंड केस बना हुआ है। बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का खुलासा जरूर हुआ है, जिसमें पानी में डूबने से बच्चे की मौत की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस की पूछताछ के बाद बच्चे का चाचा मुकेश सिन्हा संदेह के घेरे में है। संदेह इसलिए है कि चाचा खुद को निर्दोष बताते हुए तरह तरह की कहानी बयां कर रहा है। चाची की ओर भी शक की सूई घूम रही है। लेकिन गर्भवती होने के कारण पुलिस कड़ाई से पूछताछ में परहेज कर रही है।

एक नजर में

## दुमका : विशेष लोक अदालत के माध्यम सें करायें मामले का निष्पादन : डालसा



दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 27 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्धरियावी ने की। बैठक में न्यायिक पदाधिकारी, वित्तीय संस्थानों, बिजली विभाग एवं अन्य स्टेकहोल्डर के प्रतिनिधी बैठक कर बिजली एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों का सफल निष्पादन को लेकर चर्चा कर उचित दिशा निर्देश भी दिया गया। इस कड़ी में प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को आयोजित विशेष लोक अदालत में आयोजित होना है। जिसमें बिजली व चेक बाउंस से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। ऐसे में इससे संबंधित विवाद का निपटारा कराने के लिए लोक अदालत में अपना का पक्ष रख विवाद को समाप्त करा सकते है। उन्होंने आगे बताया कि विशेष लोक अदालत में वादों के निष्पादन को लेकर 6 से 20 अप्रैल तक चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित सभी वादों को चिन्हित कर नोटिस भेज उनका तमिला भी प्राप्त हो रहा है। 21 से 26 अप्रैल तक पक्षकारों के साथ पूर्व लोक अदालत बैठक भी जारी हैं। जबकि 27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में विशेष लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए जिले के विभिन्न स्थानों में माइक द्वारा भी लोगों को जागरूक कर इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हत्या की आशंका

दुमका। 38 वर्षीय महिला संतोषी देवी, पति निमाय राणा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजनों को आशंका है कि महिला को जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई है। यह घटना मसानजोर थाना क्षेत्र के दरबारपुर गांव में हुई। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने मसानजोर थाना की पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर दुमका के पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों से पता चला कि महिला के पति दैनिक मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ है। बच्चे घर पर नहीं थे। इसी बीच महिला की मौत हो गई। महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला की मौत जहर खाने से हुई है। महिला की मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है। परिजनों को संदेह है कि किसी ने उसे जहर खिलाकर हत्या कर दी है। इधर,पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज कर मामले की अनुसंधान करने में जुट गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि उसकी मौत आत्म हत्या करने से हुई है या फिर उसकी हत्या की गई है।

## बेरमो : युवक की सड़क हादसे में हुई मौत



बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के कथारा वाशरी मार्ग पर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो गया। घायल युवक का इलाज सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में किया गया। बेहतर इलाज के लिए बोकारो ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी। सड़क हादसे का शिकार हुए युवक की पहचान गोमियां प्रखंड के महुआटांड़ ललपनिया निवासी 21 वर्षीय बजरंगी तूरी पिता भीम तूरी के रूप में हुई है। हादसा सुबह करीब आठ बजे का बताया जा रहा है। युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई थी। मृतक बजरंगी तूरी कथारा के बोडिया बस्ती में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने में बोडिया उत्तरी के मुखिया कामेश्वर महतो, युवा कांग्रेसी राजू वर्मा, खिरू यादव, मोहन यादव, विनोद कुमार सिंह, प्रताप, उमाशंकर प्रसाद का अहम योगदान रहा।

## दिव्यांगो को नि:शुल्क मिलेंगे उपकरण



बेरमो/फुसरो। पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित विकलांग कल्याण समिति के प्रधान कार्यालय में दिव्यांग अंग उपकरण वितरण शिविर लगाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय महासचिव भूनेश्वर महतो ने किया। यहां सर्वसहमति से निर्णय लिया कि 30 अप्रैल को पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित विकलांग कल्याण समिति के प्रधान कार्यालय में समिति के बैनर तले दिव्यांग अंग उपकरण वितरण शिविर लगवाया जायगा। शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के सौजन्य से होगी। केंद्रीय महासचिव भूनेश्वर महतो ने बताया कि शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को अंग उपकरण, बैसाखी, कैलिपर, श्रवण यंत्र एवं स्टिक आदि सहित जरूरतमंद को शिविर में पंजीकरण के पश्चात दिव्यांगजनों को उपकरण देकर राहत प्रदान की जाएगी। मौके पर मोहन गिरी, पूनम सिंह, सोनी कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## साहिबगंज : सुरक्षा में बड़ी चूक से मजदूर की मौत



साहिबगंज। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डीबीएल के गंगा पुल निर्माण साइट पर एक बार फिर सुरक्षा में बड़ी चूक से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। वहीं दो प्रत्यक्षदर्शी मजदूर इस हादसे को देख मूर्छित हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा महादेवगंज निवासी शत्रुघन मंडल 18 व लालजी यादव 18 पिलर पर ग्राइंडर मशीन से छड़ काट रहा था। इस दौरान मशीन हाथ से छटक गया। जिसमें पिलर पर काम कर रहे दोनों मजदूरों में शत्रुघन मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद शत्रुघन को अस्पताल लाने की तैयारी चल ही रही थी कि उसने दम तोड़ दिया। इसके पूर्व दो प्रत्यक्षदर्शी मजदूर मुकेश यादव 22 बीरू यादव 22 वर्ष हादसे को देख वहीं मूर्छित हो गए। इधर आननफानन में घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां शत्रुघन मंडल को चिकित्सकों ने शत्रुघन मंडल को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल लालजी यादव को हायर सेंटर रेफर मर दिया गया। वहीं मूर्छित हुए दो मजदूरों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के चचेरा चाचा मिथिलेश कुमार। के बताए कि उनका भतीजा आलोक कुमार ठेकेदार के अंडर काम करता था। वहीं गंभीर मजदूर लालजी यादव में चाचा भरत यादव के बताया कि पिछले कई वर्षों से भतीजा व अन्य वहां काम करते हैं। लेकिन उनकी सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। इधर डीबीएल के मैनेजर भानू प्रताप सिंह ने सदर अस्पताल पहुंच मजदूरों का हाल जाना। इधर मुफस्सिल थाना एसआई उमाकांत ओझा व जिरवाबाड़ी थाना के एसआई लव कुमार ने सदर अस्पताल पहुंच मामले की जांच-पड़ताल की।

## बोकारो : वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनायी गयी



बोकारो। वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति बोकारो द्वारा सेक्टर 04 वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल पर आयोजित वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह में आगंतुक का स्वागत उदय प्रताप सिंह ने किया। समारोह की अध्यक्षता समारोह समिति के अध्यक्ष रास नारायण सिंह एवं संचालन राजेश्वर सिंह व अतुल सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों के कुबार्नी दी। अंग्रेजों को चुनौती देना कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था उस समय 80 वर्ष की उम्र में बाबू साहब ने अंग्रेजों को चुनौती दी। बाबू कुंवर सिंह कल भी हमारे लिए प्रेरणा थे आज भी हैं और कल भी रहेंगे। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह को पाठ्यक्रमों के साथ साथ लोक गीतों से भी लोग जानते हैं। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा की देश बाबू साहेब जैसे राष्टवादियों और रणबांकुरों का सदा आभारी रहेगा। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में लोकगीतों में उत्सव पर गायन में बाबू साहब आज भी है और आने वाले हजारों सालों तक जनमानस के दिल में रहेगें। मौके पर बुद्ध नारायण यादव केदारनाथ सिंह धनबाद क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अरुण सिंह जी रविंद्र सिंह संत कुमार सिंह परिंदा सिंह पीएन पांडे उदय प्रताप सिंह सुखनंदन सिंह सदय बिनोद सिन्हा अभिषेक सिंह दिलीप श्रीवास्तव ऋतुरानी सिंह मृगेंद्र प्रताप सिंह देवेंद्र कुमार सिंह राजेश्वर सिंह संतोष सिंह विधायक रामजी सिंह सुबोध कुमार सिंह उदय सिंह लाखन सिंह विद्यासागर सिंह सुमित राठौड़ दिलीप ठाकुर अनिल सिंह नागेंद्र पूरी एके वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## डीडीसी ने नक्सली क्षेत्रों में सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



बोकारो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार एसडीपीओ बेरमो बीएन सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा संबंधित बीडीओ महादेव महतो सीओ प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराए जाने वाले सीएपीएफ के ठहराव स्थल का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निर्देशों के अनुरूप चहारदीवारी शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा।

# साहिबगंज : भवन निर्माण पूरा हुआ नहीं की दीवारों में पड़ने लगी दरारें

राजमहल अनुमंडल अस्पताल परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण करीब 49 लाख 48 हजार 91 रुपए की लागत से कराया जा रहा है

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजमहल।** अनुमंडल अस्पताल राजमहल के परिसर में निर्माण अधीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भवन निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है कि भवन के कई दीवारों पर दरारें आ गई है।

दो जगह पर तो ऐसी दरारे आई है कि कभी भी गिर सकती है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के बाद राजमहल में ब्लड बैंक की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल साहिबगंज के द्वारा 15 वे वित्त आयोग के तहत राजमहल अनुमंडल अस्पताल परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण करीब 49 लाख 48 हजार 91 रुपए की लागत से कराया जा रहा है।

उक्त भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन बीते 6 सितंबर 2023 को स्थानीय विधायक अनंत ओझा ने किया था। आसपास के लोगों की माने तो शुरू से ही निर्माण कार्य में भारी अनियमितता हो रही है। आसपास के लोगों ने कई बार काम कर रहे लोगों से शिकायत की परंतु कोई फायदा नहीं हुआ। ना तो इस पर कोई देखरेख हो रहा है और ना ही तो संवेदक की मनमानी को रोकने के लिए विभागीय पहल हो रही है। उल्लेख करना आवश्यक है कि उक्त भवन निर्माण कार्य शुरू हुए 7 महीने बीत गए परंतु अभी तक भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और इसका निर्माण आधा अधूरा रहते हुए दीवारों पर दरारें आना साबित कर रहा है कि इस निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा किस स्तर पर सेंधमारी की जा रही है।

## बोकारो : डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताये आयोग के दिशा-निर्देश

बोकारो। जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यों समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सामग्री ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं मतदान के बाद ईवीएम के रिसीविंग सेंटर/ काउंटिंग सेंटर के लिए आईटीआई मोड़ बाजार समिति को निर्धारित किया गया है।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road ConstructionDepartment, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No- RCD/FSD/AP/RAN/75/23-24, Dated **07.03.2024** जिसका पी0 आर0 न0 **322004**, Road (23–24) D है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 324065
Road(24-25)#D



## कार्यालयः उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(जिला शस्त्र शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोक सभा आम चुनाव–2024 के मद्दे नजर अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक–255,256/सा0, दिनांक– 13.04.2024, एवं पत्रांक– 277/सा0, दिनांक– 16.04.2024 के द्वारा क्रमशः चन्दवा, हेरहंज, लातेहार, बारियातू, बरवाडीह, छिपादोहर, मनिका एवं बालूमाथ तथा अनुमण्डल पदाधिकारी, महुआडांड़ के पत्रांक– 65 दिनांक– 16.04.2024 के द्वारा बारेसाढ़, नेतरहाट, गारू एवं महुआडांड़ थाना प्रभारी से विभिन्न कारणों से शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदन अनुशंसा सहित आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न कारणों से शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदनानुसार थाना वार विवरणी निम्नवत है:–

1. छिपादोहर थाना

| क्र. | अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | रद्दकरने का कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मैनेजर इलाहाबाद बैंक, सा0+थाना– छिपादोहर, जिला– लातेहार | 115/86 | डी0बी0बी0एल0 गन नं0–7537 | दैनिकी सं0–224/97, दि0–17.12.97 | पिछले 27 वर्षों से पुलिस केन्द, पलामू में जमा है। |
| 2 | जगदीश राम, पिता– अकलुराम, सा0+थाना– छिपादोहर, जिला– लातेहार | 103/13 | डी0बी0बी0एल0 गन नं0–25362 | दैनिकी सं0–282/97, दि0–17.12.97 | पिछले 27 वर्षों से पुलिस केन्द, पलामू में जमा है। |
| 3 | चमन सिंह, पिता– आदर सिंह, सा0–कुकु, थाना– छिपादोहर, जिला– लातेहार। | 88/82 | एस0बी0बी0एल0 गन नं0–6/76409 | दैनिकी सं0–282/97, दि0–17.12.97 | पिछले 27 वर्षों से पुलिस केन्द, पलामू में जमा है। |

2. महुआडांड़ थाना

| क्र. | अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार | रद्द करने का कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सिलवेस्टर एक्का पे0–स्व0 गेब्रियल एक्का सा0–बरटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 425/77 | 12 bore D.B.B.L gun no. 65559 | जमा आ0के0 में SDE NO.172/92 जमाहै। | – |
| 2 | रफैल उरांव पे0–स्व0 एतवा उरांव सा0–उरम्बी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 025/29 | S.B.M.L. gun no.51*PL 450/50 | जमा थाना में SDE NO. 47/98 दिनांक 03.02.98 | – |
| 3 | याकुब कच्छप, पे0– अल्फेड उरांव, सा0– कुरुन्द, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 33/37 | S.B.M.L. gun no. 1266*PL3028/57 | दि0–05-04-2009 को थाना मालखाना में जमा किया। SDE NO-91/09 | – |
| 4 | लुन्दरा उरांव पे0–भुखला उरांव, सा0–जोरी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 46/61 | S.B.M.L. gun no.341BN*PL515 7/61 | आ0के0 में जमा SDE NO.402/92 दिनांक 02.04.92 | – |
| 5 | पीयूष टोप्पो, पे0– फ्रांसिस टोप्पो, सा0– बरटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 43/60 | S.B.M.L. gun no.592NL1010/65 | आ0के0 में जमा SDE NO.402/92 दिनांक 02.04.92 | – |
| 6 | सेराफिनुस लकड़ा, पे0–बुधवाल कड़ा, सा0– हामी (पण्डरी टोली) थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 05/91 | S.B. M.L. gun no.4191/77*PL 15865/75,32721 | थाना में जमा है वर्ष 1998 में जमा करने की बात बताई जाती है। | – |
| 7 | देवा खेरवार पे0– तेजना खेरवार, सा0–कुरोखूर्द, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | - | S.B.M.L. gun no.250*PL5863/72 | थाना में SDE NO. 175/98 दिनांक 10.02.98 | – |
| 8 | श्याम नारायण सिंह, पे0–रामलखन सिंह, सा0–बन्दुआ थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | - | D.B.M.L. gun NO.170 | थानामेंSDE NO. 149/91 दिनांक 09.02.91 जमाहै। | – |
| 9 | ज्यानिककुजूर, पे0–पास्कल कुजूर, सा0–अम्बाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 60/73 | S.B.B.L. gun no.4263*PL 273/35 | अभिलेख के अनुसार इनका बन्दुक में SDE NO. 364 दिनांक 22.0195 के आलोक में थाना में जमा है। | – |
| 10 | सुरेश प्रसाद, पे0–नन्हक साव, सा0+थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | - | S.B.B.L. gun no.32961 | थाना में दिना0 13.04.09 में जमा है। | – |
| 11 | गजेन्द्रनाथ साह पे0– भैया ब्रजनाथ साव, सा0–गोठगांव, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 55/89 | D.B.B.L. gun NO.23780*1048/5 5 | थाना में SDE NO. 376/09 दिनांक 09.02.91 जमा है। | – |
| 12 | राजेश प्रसाद पे0–राम पुकार साव, सा0+थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | - | D.B.B.L. gun NO.8203449 | थाना में दिनांक 13.04.2009 जमा है। | – |
| 13 | तेलेस्फोर तिग्गा, पे0–पौलुस तिग्गा, सा0– शहपुर, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 330 | D.B.B.L. gun NO.575181 | थाना में दिनांक 15.11.09 जमा है। | – |
| 14 | मो0 रज्जक पे0–सरफुद्दीन सा0– नावाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 2003/82 | D.B.B.L. gun NO.7503367 | थाना में दिनांक 16.04.96 जमा है। | – |
| 15 | तेलेस्फोर टोप्पो, पे0–स्व0 जोसेफ टोप्पो, सा0–तेवाही, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 26 | D.B.B.L. gun NO.4192/77 | थाना में SDE NO. 47/98 दिनांक 03.02.98 जमा है। | – |
| 16 | जोहन टोप्पो, पे0–बीरसई टोप्पो, सा0–मिरगी, तेवाही, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 1792/69 | S.B.B.L. gun no.1456/67 | थाना में SDE NO. 47/98 दिनांक 03.02.98 जमा है। | – |
| 17 | बेनेदिक टोप्पो, पे0–इग्नेश टोप्पो सा0– तेवाही, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 47 | S.B.B.L. gun no.58219 | थाना में SDE NO. 47/98 दिनांक 03.02.98 जमा है। | – |
| 18 | उमुल्ला खां, पे0–बेगरसुल खां, सा0–अम्बाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 2172/1983 | D.B.B.L. gun NO.8202367 | लाईसेंसी अपना बन्दुक बेच चुका है। प्रताप सशस्त्रागार में | – |
| 19 | लोबियस कुजूर, पे0–मार्शल कुजूर, सा0–असनारी, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 818/78 | S.B.B.L. gun no.6359 | थाना में SDE NO. 84/98 दिनांक 05.02.98 जमा है। | – |
| 20 | पिमुस नगेसिया, पे0–टेबरा नगेसिया, सा0–मिरगी, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 815/MCN/79 | S.B.B.L. gun no.8614 | थाना में SDE NO. 47/98 दिनांक 03.02.98 जमा है। | – |
| 21 | फ्रांसिस मिंज, पे0–स्टेफन मिंज, सा0–मिरगी, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 9656 | S.B.B.L. gun no.12 bore 1952 | चौकीदार सुरेश राम ने बताया कि वे लम्बे अर्से सपरिवार अम्बिकापुर में रहते है। | – |
| 22 | रतिया नगेसिया पे0–भुखन नगेसिया, सा0–चिरोपाठ नावाटोली, थाना–महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 1630/1982 | S.B.B.L. gun no.B/4-14653 | दिनांक 15.04.96 को थाना में जमा किये तथा लाईसेंस अनु0पदा0 लातेहार के कार्या0 जमा किया है। | – |
| 23 | सिल्वेस्तर टोप्पो, पे0–जोसेफ टोप्पो, सा0– अम्बाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 44/1983 | D.B.B.L. gun NO.6675-C/4 | थाना में SDE NO. 169/2000 दिनांक 12.09.2000 जमा है। | – |
| 24 | सरेश नाथ साह, पे0–भैया राधामोहन नाथ साह, सा0–हामी, थाना–महुआडांड़, जिला–लातेहार। | 40/1982 | S.B.B.L. gun no.73185*PL929/5 3 | थाना में दिनांक 13.04.09 जमा है। | – |
| 25 | बसंत कुमार पे0–भैया कृष्णगोपाल साह, सा0– हामी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | - | D.B.B.L. gun NO. 77260*PL3095/57 | जिला सस्त्र दण्डा0 पलामू के ज्ञा0 415/सा0 दिनांक 30.04.01 के आदेश के आलोक में लाईसेंसी बन्दुक महेश प्रसाद सिंह पे0– डोमन सिंह सा0– मोरवेय, थाना– मंझीगांव जिला, गढ़वा के हाथ दिनांक 30.08.01 को बेच दिये है। | – |
| 26 | मो0 निजामुद्दीन पे0–एनामुल सा0–कुड मोहल्ला, डाल्टनगंज एवं महुआडांड़, जिला– लातेहार। | 2642/83 | 12 Bore Rifle no.1904 | थाना में SDE NO.84 दिनांक 05.02.98 जमा है। | – |
| 27 | मो0 अनिस पे0–महबुब अली, सा0– महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 50/83 | D.B.B.L. gun NO.34401*PL522 8/62 | अनु0पदा0 लातेहार के कार्या0 ज्ञा0 363/गो0 दिनांक 15.06.01 के आलोक में एन0सी0 डाव कंपनी कजार रांची के हाथ दिनांक 01.06.01 को बेच दिये है। | – |
| 28 | बलराम प्रसाद, पे0–राम प्रसाद साहू, सा0–गोठगांव, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 42/82 | D.B.B.L. gun NO.A/9 24892 | डाल्टनगंज सदर थाना में जमा है। | – |
| 29 | शेख रियाजुद्दीन पे0–शेख अब्दल रहमान सा0– अम्बाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 30/40 | D.B.B.L. gun NO. 34401*PL5228/62 | अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु। थाना में जमा। | – |
| 30 | शेख जमालुद्दीन पे0–खदेरू मियां सा0–जरहा टोली थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 39 | D.B.B.L. gun NO.34344 | थाना काण्ड संख्या–02/09 में थाना में जमा है। | – |
| 31 | चन्द्रिका तिवारी, पे0– तपेश्वर तिवारी, सा0– अक्सी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 61 | D.B.B.L. gun NO.1980490F | लाईसेंसी अभिलेख के अनुसार सपरिवार गारू थाना क्षेत्र में स्थायी रूप से रहर हे है। पुरा पता अभिलेख में नही है। | – |
| 32 | पचु किसान, पे0–घटवार नगेसिया, सा0–चिरोपाठ, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 11/72 | D.B.B.L. gun NO.5952*PL5910/72 | थाना में जमा है। | – |
| 33 | जोसेफ टोप्पो, पे0–कुन्दन टोप्पो, सा0–सुगी, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 7195/1972 | S.B.B.L. gun no.32554*PL5935/73 | थाना में जमा है। | – |
| 34 | एरनेस लकड़ा, पे0–सिहारी लकड़ा, सा0– बन्दुआ, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 15/15 | S.B.B.L. gun no.1772/1692*PL5 942/73 | थाना में जमा है। | – |
| 35 | गजू किसान, पे0–मुखल किसान, सा0–सुरकई, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 23/74 | D.B.B.L. gun no.1589-A/2*PL NO.6042/74 | थाना में SDE NO. 414 दिनांक 23.02.91 जमा है। | – |
| 36 | विक्टर केरकेट्टा, पे0–जोसेफ केरकेट्टा, सा0–तेवाही, मिरगी, थाना–महुआडांड़, जिला–लातेहार | 69/1968 | S.B.B.L. gun no.N-1054 | थाना में SDE NO. 47/98 दिनांक 03.02.98 जमा है। | – |
| 37 | जेहन टोप्पो, पे0–पतरस टोप्पो, सा0–सेमरबुढ़नी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 2534 | S.B.B.L. gun no.30622/85 | थाना में SDE NO. 370 दिनांक 22.05.93 जमा है। | – |
| 38 | बन्धा टोप्पो, पे0–पतरस टोप्पो, सा0–अक्सी, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 78/84 | S.B.B.L. gun no.5689/68 | थाना में SDE NO. 505 दिनांक 21.01.92 जमा है। | – |
| 39 | नेस्तार खलखो, पे0–गब्रियल खलखो, सा0–सेमरबुढ़नी, थाना–महुआडांड़, जिला–लातेहार | -- | S.B.B.L. gun no.74680/85 | थाना में SDE NO.158/92 दिनांक 09.06.92 जमा है। | – |
| 40 | अब्दुलरहीम खां, पे0–अमीर, सा0–ओरसापाठ, थाना–महुआडांड़, जिला–लातेहार | 7/7 | D.B.B.L. gun no.61442*PL5780/70 | दिनांक 12.03.14 को इनके पौत्र रसिद अली पे0 स्व0 कलिम खां ने लिखित प्रतिवेदन दिये है कि लाईसेंसी इनके दादा थे जिनकी मृत्यु काफी दिन पहले हो चुकी है तथा वर्तमान में बन्दुक लाईसेंसी के पुत्र मो0 नसीम खां के नाम स्थानान्तरित हो गया है, जो ग्राम शाहपुर थाना+जिला– पलामू में अपना मकान बनाकर रहते है। | – |
| 41 | लखन महतो पे0–महादेव महतो, सा0–अम्बाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 10/10 | D.B.B.L. gun no. 3415/*PL3862/72 | थाना में SDE NO. 34 दिनांक 03.03.98 जमा है। | – |
| 42 | मिशनरी प्रभारी महुआडांड़, जिला– लातेहार | 6 | D.B.B.L. gun no.11300*PL1020/55 | थाना में जमा है। | – |
| 43 | मिशनरी प्रभारी महुआडांड़, जिला– लातेहार | 14/7 | D.B.B.L. gun no.42754*PL1019/55 | थाना में जमा है। | – |
| 44 | डनियल कुजूर पे0–स्व0 फागु कुजूर सा0–मेढ़ारी, मिशनरी प्रभारी महुआडांड़, जिला– लातेहार | 18/74 | D.B.B.L. gun no.2084 | थाना में जमा है। | – |
| 45 | अर्जुन नगेसिया, पे0–स्व0 गुज्जा नगेसिया, सा0–पारही, नावाटोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 2/8 | D.B.B.L. gun no.5443 A/11 | थाना में जमा है। | – |
| 46 | अलयानुस मिंज, पे0–पीटर मिंज, सा0–चैनपुर, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 381/77 | S.B.B.L. gun no.61573 | थाना में SDE NO. 66 दिनांक 04.02.98 जमा है। | – |
| 47 | मनुअल खलखो, पे0–बुधन उरांव, सा0– शाहपुर, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 48283 | S.B.B.L. gun no.7970 C/4 | SDE No.09 दिनांक 01.02.95 के अनुसार लाईसेंसी पागल हो गये थे तथा इनकी मृत्यु हो चुकी है। पागलपन के दौरान लाईसेंसी हथियार लेकर डालटनगंज गये थे तथा बिना हथियार के वापस आये थे। | – |
| 48 | आगापित कुजूर, पे0–मरसू कुजूर सा0– असनारी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 1696 | S.B.B.L. gun no.1473/69 | थाना में SDE NO. 376/99 दिनांक 24.03.99 जमा है। | – |
| 49 | एस0एन0 केरकेट्टा पे0–मार्शल केरकेट्टा, सा0–चैनपुर, थाना–महुआडांड़ जिला–लातेहार | 8017 | S.B.B.L. gun no.1841/83 M/SL | लाइसेंसी की मृत्यु हो चुकी है। चौकी सोमरी देवी ने बतायी की वे सब परिवार गांव छोड़कर कहीं चले गये है कहां गये गये है किसी को पता नहीं है। | – |
| 50 | हेरमान लकड़ा, पे0– अलबिस लकड़ा, सा0–मेढ़ारी, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 37/82 | S.B.B.L. gun no.C/1-6383 | थाना में जमा है। | – |
| 51 | सोबरन उरांव, पे0–मिट्ठु उरांव सा0– चैनपुर, थाना–महुआडांड़, जिला– लातेहार | 178 | S.B.B.L. gun no.87307 | लाइसेंसी की मृत्यु हो चुकी है। चौकी सोमरी देवी ने बतायी की वे सब परिवार गांव छोड़कर कहीं चले गये है कहां गये गये है किसी को पता नहीं है। | – |
| 52 | रहमत अली, पे0–शेख मंगर मियां, सा0 महुआडांड़, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | 57/89 | 34580 | थाना में जमा है दिनांक 20.04.96 को कागज दिखाया है। | – |
| 53 | शिवभजन समुद्र पे0–स्व0 तिजना सा0– कुरोखूर्द, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 1/89 | S.B.B.L. gun no.9996MT | थाना में SDE NO. 175/98 दिनांक 10.02.98 जमा है। | – |
| 54 | सिल्वनुस पन्ना, पे0–लच्छु पन्ना, सा0–असनारी, थाना– महुआडांड़, जिला–लातेहार | --- | S.B.B.L. gun no.F/1-10413-80 | थाना में SDE NO. 90/09 दिनांक 05.02.98 | – |
| 55 | ओमप्रकाश सिंह, पे0–रामेश्वर सिंह, सा0–कम्हउ, थाना शिवसागर, जिला– रोहतास, वर्तमान में प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, महुआडांड़ | 94/85 | 842833 | लाईसेंसी प्रखण्ड से स्थानान्तरित हो कर चले गये है। | – |
| 56 | किशोर कुजूर पे0–मारकेल कुजूर सा0–रंका टोली, थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | --- | S.B.B.L. gun no.6208C/1 | थाना में जमा है। | – |
| 57 | मिलियानुस खलखो, पे0– बुधना खलखो, सा0– शाहपुर थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 1631/1982 | S.B.B.L. gun no. 6208C/1 | लाइसेंसी की मृत्यु हो चुकी है। चौकी 1/6 प्रमोद घासी ने बताया कि इनका बन्दुक काफी दिनों से थाना में जमा है। | – |
| 58 | मेदिक टोप्पो, पे0–जोसेफ टोप्पो, सा0– कलाखूर्द थाना– महुआडांड़, जिला– लातेहार | 56/89 | S.B.B.L. gun no.19 | असत्यापित | – |
| 59 | नवीन कुमार साह, पे0–भैया गणेश सा0–नगर, प्रतापपुर, थाना– महुआडांड़ जिला– लातेहार | 45/83 | S.B.B.L. gun no. 4402A/2 | अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु शस्त्र थाना में जमा है। | – |

आयुध अधिनियम 1959 की धारा–17 की विभिन्न उप धाराओं में शस्त्र अनुज्ञप्तियों में फेरफार, उनका निलंबन और प्रतिसंहरण करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु धारा–17 की उप धारा–1 में यह प्रावधानित है कि ऐसा प्रायोजनों के लिए लिखित सूचना द्वारा अनुज्ञप्ति के धारक से इतने समय के अंदर जितना सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाय, अनुज्ञप्ति अपने को परिदत करने की अपेक्षा कर सकेगा।

अतः एतद द्वारा उपरोक्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों/उनके उत्तराधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार एवं महुआडांड़ के द्वारा विभिन्न कारणों से थानावार शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदन पर अपना लिखित बचावपक्ष साक्ष्य सहित 04 (चार) दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। निर्धारित समय सीमा के अन्दर जवाब अप्राप्त रहने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर आपके नाम से निर्गत उपरोक्त शस्त्र अनुज्ञप्तियों को आयुध अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जायगी।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

PR 324061 Latehar (24-25)_D

## स्पीड न्यूज

### शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण



रामगढ़ । गांधीघाट स्थित मुक्ति धाम में नवनिर्मित महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण बुधवार को बिहार फाउंडरी स्टील लिमिटेड के मालिक डॉ हरिकृष्ण बुधिया और गौरव बुधिया ने किया। पंडित बनवारी लाल गर्मा ने गणेश पूजा कराया। संयोजक कमल बगड़िया ने कहा स्व. अरुणा बुधिया की पावन स्मृति में भगवाल महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा बनवायी गई है। उन्होंने कहा कि अब श्मशाम में आने वाले दुखीजन उनका दर्शन पाकर अपने मन में शांति का अनुभव करेंगे तथा पूर्वजों के लिये भी प्रार्थना कर पायेंगे इस अवसर पर विजय पोद्दार, अरुण बुधिया , सुनील गाडोदिया, महेश अग्रवाल, निर्मल मुरारका, विशाल गाडोदिया, पुरशुराम शाह , ओम खंडेलवाल , संजय शर्मा , विनोद गर्ग , लाभचंद जैन, मधु गुप्ता , पुटूस कुमार, नरेश अग्रवाल, एचएन सौंधी , मीना बगड़िया , वरुण बगड़िया , अनिल अग्रवाल, गांधी कुमार, एस. एस. परशुरामपुरिया, शिवकुमार अग्रवाल, जे. के. शर्मा, विष्णु पोद्दार, अनिल गोयल,कामेश्वर सिंह, आदित्यनारायण त्रिपाठी, सुरेश बोंदिया, राजेश कुमार अग्रवाल मौजूद थे ।

### शिव मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ



भुरकुंडा (रामगढ़)। सनातनी युवा संघ के तत्वावधान में प्राचीन शिव मंदिर सयाल में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सनातनी युवा संघ के युवाओं की टोली ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर आरती की। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा भगवान हनुमान की पूजा की गई। साथ ही श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान का संपन्न कराने में मंदिर कमिटी की अध्यक्ष निमिषा पम्मी कुमार, अनूप कुमार , अर्जुन सिंह, रामविलाश यादव, बुल्लू सिन्हा, उषा देवी, नवदिता लहरी, छोटन सिंह, भूषण शर्मा, सन्नी कुमार, अंशु, सोनू सिंह अजय भगत, मोनू, आदिप, मनीष, साहिल, करुणेश सिंह, मुकेश भगत, लखन शर्मा, दीपक, पुनीत, रजत, मनीष प्रजापति, दीपक आदि का विशेष योगदान रहा।

### फरार मुन्ना खटीक गिरफ्तार

रामगढ़। लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र व निष्पक्ष को लेकर अपराध कर्मियों एवं फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार द्वारा चलाये जा रहे छापेमारी अभियान के दौरान 23 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ थाना कांड संख्या-188/09, 289/09, 302/09, 321/09 एवं 333/12 में 15 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो, पिता-राजु सोनकर सा०-जारा बस्ती थाना$जिला-रामगढ़ चोरी छिपे बोकारो जिला के जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ में रहकर किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

### शिव मंदिर का मना स्थापना दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)। गुरुद्वारा मेन रोड भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन किया गया। बुधवार को अखंड हरी कीर्तन के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर कमेटी के जितेंद्र सिन्हा, रोबिन मुखर्जी, बबन राम, राजेश ठाकुर, राहुल आनंद, सुरेश केशरी, संदीप सिन्हा, चंदन साव, अभिषेक मिश्रा , पवन शर्मा सहित कई लोग शामिल थे।

### रिजनल वर्क शॉप में लगी आग

भुरकुंडा (रामगढ़)। रिवर साइड भुरकुंडा स्थित रिजनल वर्क शॉप में बुधवार की दोपहर लगभग साढे.बारह बजे बाउंड्री के पास अचानक आग लग गई। रिजनल वर्क शॉप में कार्यरत कर्मियों ने घटना की सूचना सीसीएल अधिकारी को दी गई। जिसके बाद दमकल गाड़ी को बुलाया गया। सयाल और उरीमारी की दमकल गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची। जहां फायर बिग्रेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग पर जल्द काबू पा लेने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। मौके पर असिस्टेंट मैनेजर राज हंस ने आशंका जताते हुए कहा कि बाउंड्री का दीवार टूटा होने के कारण किसी ने बाहर से कुछ जलाकर फेंक दिया होगा। सुखी झाड़ी होने के कारण आग लगी होगी। आगलगी की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में प्रसाद वितरित



रामगढ़। रांची रोड स्थित मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में पूर्णिमा के मौके पर विशेष पूजा हुआ, जिसमें समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा सपत्नीक शामिल हुए। सिन्हा ने मां काली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर समिति की प्रशंसा करते हुए कहा की इस प्रकार के आयोजनों से भक्ति की भावना का प्रसार होता है और लोगों में मेलजोल की भावना का प्रसार होता है। पूजन के उपरांत मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बीच खीर के महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष अरूण कुमार महतो, संध्या शर्मा, मनोज कुमार मंडल, श्वेता देवी, प्रभा देवी, शालिनी तिवारी, रीना देवी, सीमा सिंह, स्नेहा सिंह, सुधा देवी, ऋतु सिंह, अरूण महतो, मुन्ना शर्मा, अतीराज शर्मा, अमृत शर्मा, विशाल यादव, राजेश तिवारी, समीर शर्मा आदि उपस्थित थे।

# जायसवाल ने बड़कागांव के 25 गांवों में चलाया जनसंपर्क

## कहा- कांग्रेस ने 62 साल तक देशवासियों को ठगा

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के 6 पंचायतों के 25 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने तलसवार, आंगों, पोटंगा, उरीमारी, जरजरा और नयाटांड़ पंचायत के परेवातारी, निमियाटोला, प्लांडू, कोयलंग, पतरा, अम्बाटोला, आंगो, उरेज कॉलोनी, असवा, तिलैया, भुरकुंडा, पारगढ़ा, उरीमारी हेसाबेड़ा, उरीमारी लिपहाउस कॉलोनी, उरीमारी चेकपोस्ट, उरीमारी सेवल, जरजरा चौक, जरजरा बस्ती, पसेरिया, ललकीमाटी, टिकरीटांड़, तलसवार, सिमरातरी, नयाटांड़, कुम्हारडीहा, विश्रामपुर और पिपराडीह गांव का दौरा कर लोगों से मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यों की प्रगति को बरकरार रखने के लिए 20 मई को कमल पर मतदान कर भाजपा को जिताने का अपील की। उन्होंने कहा कि जब आप मतदान करने बूथ पर जाय तो कांग्रेस के करीब 62 साल के शासनकाल को जरूर याद करें जब कांग्रेस ने वादा करके देश और देशवासियों को सिर्फ. ठगने का काम किया और पीएम मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हुए देश के अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णयों के जरिए जहां हमारा राष्ट्र सशक्त और समृद्ध हुआ वहीं देशवासी स्वाभिमान के साथ जी रहें हैं।

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जन सेवा और क्षेत्र में विकास का प्रतीक बनकर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से उभरे बड़कागांव का बेटा मनीष जायसवाल का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी होना हम सभी के लिए बेहद गर्व की बात है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा की भारी मतों से जीताकर मनीष जायसवाल को अपना सांसद चुने और क्षेत्र के विकास के साथ अपने उत्थान का राह प्रशस्त करें । आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहां की बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या विस्थापन की समस्या है। मनीष जायसवाल भी इसी धरती के विस्थापित परिवार से ताल्लुक रखते हैं और विस्थापन के दर्द को बखूबी समझते हैं। उन्होंने कहा कि अपने माटी के लाल मनीष जायसवाल को सांसद चुनकर दिल्ली भेजें निश्चित रूप से विस्थापन के मुद्दे को संसद भवन में पुरजोर तरीके से उठाएंगे । मौके पर विशेषरूप से सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के दौरे में उनके साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशन लाल चौधरी, आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला मिडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, आजसू प्रदेश सचिव कौलेश्वर गंझु, बड़कागांव पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी,रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जेपी पटेल ने तेज किया जनसंपर्क अभियान



दारू। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज किया। बुधवार को उन्होंने दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, दिग्वार, दारू इत्यादि पंचायतो के कई गांवो में जनसंपर्क का दौरा किया इस दौरान गठबंधन के कई पदाधिकारी और कार्यकताओं ने श्री पटेल को विभिन्न जगहों पर फूल माला पहनाकर उसका स्वागत किया। श्री पटेल ने कहा कि देश की जनता भाजपा को कुशल शासन चलाने को लेकर पिछले 10 वर्षों से लगातार मौका दे रही है परंतु उसने बहुमत के आड़ में देश के संविधान को छेड़छाड़ कर रहे हैं, आरक्षण समाप्त कर रहे हैं, रोजगार का सृजन नहीं कर पा रहें है इसलिए अब जनता बदलाव चाह रही है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी की बहकावे में जाकर वोट ना करें। मौके पर मुन्ना सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाशपति देव,मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र यादव, पूर्व जिला परिषद देव कुमार राज, जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, सहदेव यादव, विशुत्री सदस्य मोहम्मद अयानुल समेत कई लोग मौजूद थे।

# 158 बोतल शराब जब्त

### लोकसभा चुनाव को लेकर हाई अलर्ट जारी, रजरप्पा पुलिस ने विदेशी शराब लदे कार किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना पर रजरप्पा पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध रूप से विदेशी शराब लदे कार को जब्त किया है। कार से बीयर और व्हिस्की की 158 बोतल बरामद की गई है। कार के चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि काले रंग की अल्टो कार जेएच 24 एल-7773 पर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के परिवहन की सूचना मिली थी। जिसपर रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर रजरप्पा थाना में सघन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि रजरप्पा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने जगह-जगह छापेमारी की। इस क्रम में लारी पनशाला मोड़ के निकट उक्त कार को रूकवाया गया। जांच के क्रम में बिक्री के लिए भारी मात्रा में रखे अवैध अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया ।

कार चालक की पहचान प्रेमचंद कुमार (30 वर्ष) पिता नंदकिशोर महतो, मुरूबंदा, रजरप्पा थाना निवासी के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस द्वारा मांगे जाने पर कार चलाक शराब से संबंधित कागजात नहीं दिखा सका। जिसपर शराब सहित कार जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया । बताया कि मामले के संबंध में रजरप्पा थाना में कांड संख्या- 73/24 दिनांक 23-04-2024 धारा 290 भादवि और 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार चलाक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कार से किंगफिशर बीयर 650 एमएल की 120 बोतल, मैकडोवेल्स 750 एम एल की 02 बोतल, 375 एमएल - 24 बोतल, 180 एम एल की 12 बोतल कुल करीब 90 लीटर शराब जब्त हुआ । अभियान में रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, पुअनि अखिलेश कुमार, पुअनि विकास कुमार सदलबल शामिल थे ।

### रामगढ़ में आठ वाहनों पर 2.72 लाख जुर्माना



रामगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स की अध्यक्षता में गोला प्रखंड के बरलंगा मार्ग पर जांच अभियान चलाया गया। डीटीओ ने मालवाहक वाहन एवं चार पहिए वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग आदि के साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया, आठ वाहनों से 02 लाख 72 हजार का जुर्माना वसूला गया।

# श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बुधवार को संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सैंकड़ो महिला-पुरूष व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। महायज्ञ को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, हिमांशु कुमार ठाकुर, कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय व अन्य योगदान रहा।

# रामगढ़ में अंचल कर्मी दस हजार रुपये घूस लेते धराया



रामगढ़। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज हो गया है। 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता ने कई बार कार्यालय के चक्कर लगाए लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद स्टाफ अनिल महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। बाद में 10 हजार में यह डील हो गई, जिसका सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी ने 23 अप्रैल को कराया। इसके बाद भी महली ने यह कहा कि 10 हजार अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा।

# दुरुस्त रखें कांटा घर में सीसीटीवी कैमरा : सीवीओ

▸▸ सीवीओ पंकज कुमार ने तोपा का किया दौरा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का बुधवार को सीसीएल सीवीओ पंकज कुमार ने दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सीसीएल मुख्यालय रांची के चार अन्य अधिकारी भी शामिल थे। दौरे के क्रम में तोपा परियोजना कार्यालय जाकर ओपनकास्ट खान पहुंचकर यहां व्यू प्वाइंट से खनन फेस के बारे में जानकारी लिया। साथ ही खनन से लेकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए किए गए उपाय संबंधी जानकारी ली। यहां खान प्रबंधक एमके सिंह व अन्य अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी। बाद में वे कुजू जीएम कार्यालय सभागार में कुजू क्षेत्र के सभी परियोजना के पीओ, क्षेत्र के विभिन्न विभागों के स्टॉफ ऑफिसर समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में मुख्य रूप से कोलियरियों से कोयला ढुलाई में लगे वाहनों में वैकिल ट्रैकिंग सिस्टम पर जोर दिया। कांटा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को हर हाल में दुरुस्त रखने को कहा। जबकि कोयला लोडिंग समेत साइडिंग व डीपो के निकट के कैमरे को सदैव चालू हालत में रखने को सुनिश्चित करने की हिदायत भी दिया। इससे पूर्व उन्होंने ने सीसीएल कुजू क्षेत्र के जीएम कार्यालय में पहुंचकर जीएम राजीव कुमार सिन्हा से उनके कार्यालय में मिले। मौके पर विजिलेंस विभाग के अजय कुमार के अलावा प्रोजेक्ट इंजिनियर ई एंड एम अरनब पॉल, आशुतोष कुमार, राजेश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### बारात में कम मीट परोसने पर बवाल, कैटरर की मौत

रामगढ़ । शादियों में अक्सर खातिरदारी को लेकर बाराती और सराती के बीच मारपीट की घटना होती रही है। लेकिन रामगढ़ में एक ऐसी घटना घटी जिसमें कैटरर की मौत हो गई। दूल्हा थाने पहुंचा और दुल्हन की विदाई नहीं हो पाई। इस पूरे मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों को गोला थाने में बुलाया गया है और पूरे मामले की जांच किए जा रही है। साथ ही मृतक कैटरर की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू गांव में शादी समारोह के दौरान बाराती को कैटरर द्वारा भोजन में कम मीट देना महंगा पड़ गया। कम मीट देने पर बाराती के साथ मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद भागने के क्रम में कैटरर कृष्णा कुमार की कुएं में गिर कर मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

## एक नजर में

### यज्ञ से क्षेत्र में आती है शांति : किशोरी राणा



हजारीबाग। पतरातू प्रखंड के छापर ग्राम पंचायत में यज्ञ मंडप का उदघाटन मुख्य अतिथि नव झारखंड फाउंडेशन केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने किया। श्री राणा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यज्ञ में अनुष्ठान से गांव में आती है शांति । सर्वप्रथ मन्त्रोंउच्चारण के साथ पूजा की गई। मौके पर मुखिया जमरू लोहरा, महावीर लोहरा, सुरेंद्र प्रजापति,प्रदीप मुंडा, अजय लोहरा, विजय लोहरा मकुण्द लोहरा, बबलू राणा,संतोष लोहरा, चमन श्रीवावास्तव, बाबा दीनदयाल महाराज जी, सी.ओ. रामेश्वर मुंडा, दशरथ पंडित रामचंद्र प्रजापति, तिलेश्वर यादव, अशरफ खान, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### कदमा देवी मंडप में यज्ञ को ले कलश यात्रा



कट्कमदाग। कदमा गाँव में कदमा देवी मंडप में बजरंग बली प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से प्रारंभ हो गया है। यज्ञ को लेकर हनुमान जयंती पर नगर भ्रमण यात्रा सह कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर इस कलश यात्रा में भाग लिए। नगर भ्रमण के बाद मंडप में पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। नगर भ्रमण में सैकड़ो महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने नदी से कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। वहीं कलश यात्रा के पश्चात पंचांग पूजन, नन्दीमुख श्राद्ध, मंडप प्रवेश, बेदी पूजन, जलाधिवास के बाद संध्या आरती व भजन-कीर्तन हुआ। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए हर्ष अजमेरा ने सर्वप्रथम यज्ञ मंडप में माथा टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। श्री अजमेरा ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि आती है। । कार्यक्रम को सफल बनाने में उदयनाथ सिंह , वीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह, सत्यपाल सिंह, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, सहदेव सिंह, शंकर राणा ,दिलीप साहू, प्रकाश साहू, मनोज सिन्हा, ऋषिकेश सिंह, नवीन सिंह, विजय सिंह, रीपू सिंह सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### नव युवक दल ने निकाला भव्य शोभा यात्रा



कटकमदाग। नवयुवक दल के अध्यक्ष राम किशोर सावंत के अधयक्षता मे हनुमान जनमोत्स्व का शोभायात्रा सावंत इंटर कॉलेज परिसर से नृसिंह स्थान से खपरियावाँ टोला बनहा एवं नवादा टोला बनहा होते हुए पूरे गांव भ्रमण किया गया शोभायात्रा में गांव के लोगों का खुशी देखते ही बनता था पूरे रात भर लोग नाचते झुमते रहे हर चौक चौराहे पर लाठी एवं तलवार बाजी खेलते नजर आए और कलकत्ता का ढोल ताशा काफी आकषर्क था इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कटकम दाग थाना प्रभारी पंकज कुमार दल बल के साथ समिति के पदाधिकारी उपाध्यक्ष लखन गोप सचिव बिरु साव संगठन मंत्री सरयू गोप कोषाध्यक्ष चंदन कुमार यादव पूजा प्रभारी नरेशगोप खपरियावाँ एवं नवादा के दोनो मुखिया नव झारखंड फौंडेश के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा सहित अनिल यादव संतोष ठाकुर दीपन साव दुलार गोप पुजारी सत्येंद्र मिश्रा विकास मिश्रा ओम प्रकाश मिश्रा अनुराग मिश्रा पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा मनोज कुमार साव संजय पासवान अखिलेश दास सुखदेव यादव खपरियावाँ आदि काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

### कटकमदाग के जंगलों में लगी आग

कटकमदाग। थाना क्षेत्र के कटकमदाग एवं जतराही जंगल में आग लगने के सूचना पाते ही कटकमदाग अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एन टी पी सी के अधिकारियों को सूचित कर एन टी पीसी के द्वारा दमकल विभाग के कमियों द्वारा एवं अन्य लोगों के द्वारा जंगल में भयानक आग लगने से कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसमें दमकल विभाग की त्वरित कार्यवाही करने काबू पाया वही जंगल में चलने वाली तेज हवाओं के कारणों से यह आग अनियंत्रित हो जाता जिससे बडा भूभाग मे फैल जाती जिससे वायु प्रदूषण खराब होने की सम्भावना थी वही कटकमदाग सी ओ ने बताया कि आज बडी घटना घट सकती थी। अप्रिय घटना को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया। वही उन्होंने बताया की वन हमारी अमूल्य धरोहर है इनकी सुरक्षा संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। वही अनेक प्रजातियों के जीव जंतुओं तथा पशु पक्षियों वनस्पतियों को भारी नुकसान हो सकता था।

### सीओ ने राजकीय बुनियादी विद्यालय का किया निरीक्षण



बरही। राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में बरही अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो ने बुथ का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान कराने और लोकतंत्र के बारे में जानकारी दिया। अंचलाधिकारी ने विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को टॉफी देकर प्रतिदिन विद्यालय आने को लेकर प्रोत्साहित किया। इसके अलावा उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को मतदान पर विशेष जानकारी देते हुए अभिभावको एवं ग्रामीणों को 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया। अभिभावकों को जागरूक करने को लेकर उन्होंने शिक्षको को जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। सभी शिक्षको एवं बच्चों ने अंचलाधिकारी को आश्वत किया कि तीनों बुथ पर शत प्रतिशत मतदान होने का प्रयास बच्चे और शिक्षक करेंगे। इनके साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, सहायक अध्यापक मनोज घोष, सरफराज खान, दामोदर साहब, बिंदिया देवी, गायत्री सिंन्हा, सरस्वती देवी के साथ जन जागरण केंद्र के समन्वयक चितरंजन महतो, बाल संसद के प्रधानमंत्री प्रीति कुमारी, संजू, सुनीता देवी, बीएलओ पूनम देवी मौजूद रही।

### बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

कटकमसांडी। बुधवार को करीब दस बजे एक अधेड़ की मौत बाइक से गिरकर हो गई। मृतक की पहचान शाहपुर निवासी दशरथ यादव के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण हेतु शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल हजारीबाग भेजा। घटना बहिमर कुंभिया टांड़ के समीप हजारीबाग कटकमसांडी मुख्य पथ पर हुई। जानकारी के मुताबिक वह अपने बाइक स्पेलंडर से शाहपुर से करीब आठ बजे घर से निकला और नींद आ जाने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे दूर जा गिरा। गिरने से सिर में गंभीर चोट लग गई। वह घंटो छटपटाता रहा। मगर सड़क के नीचे दूर गिरने से उसे कोई वाहन चालक नही देख सका। पैदल राहगीरों व चरवाहों ने बाइक व मृतक को घटना के चार घंटे बाद देखा और पुलिस व परिजनों को खबर दी।

